पंजाब केसरी 14/01/2026

लोहड़ी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सशक्त प्रतीक : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 13 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में लोहड़ी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश, उमंग और सहभागिता के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सशक्त प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें भारतीय संस्कारों एवं मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने के लिए भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डा. रामलखन माली सहित कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों, लोकनृत्यों और उल्लासपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से लोहड़ी पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया।

पूरा कॉलेज परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक सौहार्द को प्रोत्साहित करने वाला एक स्मरणीय अनुभव भी सिद्ध हुआ।

लोहड़ी के गीतों पर झूमते कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, स्टॉफ व विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)